Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-03-2023 अंक 520

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### 25 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के अंसार नगर निवासी मो एजाज की पत्नी सलमा प्रवीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। लेकिन आस – पास के लोगों को जानकारी मिलने पर महिला समय रहते बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं महिला के मायके वालों ने बरही थाना में आवेदन देते हुए लगातार मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### अज्ञात वाहन के चपेट आने से बाइक सवार गंभीर रूप से हुआ घायल, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**

चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत कैसट निवासी निर्भय कुमार उम्र 22 वर्ष पिता उमेश भुइयां अज्ञात वाहन के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक कुछ सामान खरीदने बाजार जा रहा था। जहां अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### विजयवाड़ा पावर प्लांट में दो युवकों की मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे बीडीओ



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरूवार को कुटमू गांव के नजदीक भरहुलिया के संतोषी सिंह और देनी सिंह के पुत्र की विजयवाड़ा पावर प्लांट में हादसे में मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग किया।साथ ही बीडीओ ने सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बेतला मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, जमुना सिंह, उमेश कुमार बैठा, अख्तर अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहे ।

## बरही : हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा गिद्ध संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### गिद्ध पर्यावरण को रखता है स्वच्छ : डीएफओ





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही (हजारीबाग) : प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा गिद्ध संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष किसुन यादव, हजारीबाग डीएफओ सबा अहमद, पर्यावरणविद सत्य प्रकाश, सेवानिर्वित डीएफओ एके मल्होत्रा, रेंजर कमलेश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सत्यप्रकाश ने गिद्ध बचाए पर्यावरण बचाएं पर अपना प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गिद्ध के विलुप्त का मुख्य कारण मवेशियों में प्रयोग होने वाले दर्द निवारक दवा डाइक्लोफेनेक हैं। उन्होंने लोगो से अपील किया किया कि डाइक्लोफेनेक की जगह मेलोक्सिकेम दर्द निवारक दवा का प्रयोग कर गिद्ध के संरक्षण में सहयोग करें। वहीं उन्होंने प्राकृतिक आवास, ऊंचे ऊंचे पेड़ों का नष्ट होना भी गिद्ध के विलुप्त का कारण बताया। वही एके मल्होत्रा ने अग्नि सुरक्षा विषय पर लोगों को जानकारी दी, वहीं जंगल में आग लगती है तो आप कैसे उसपर काबू पाएं इसके बारे में बताया। वही डीएफओ ने हाथी एवं मनुष्य के बीच टकराव के कारण बताएं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि, वन्यजीव पर्यावास का खंडन, हाथी द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के विरुद्ध प्रतिक्रिया, नए आवास, रेलवे लाइन, बिजली की लाइन के कारण, जल भोजन एवं सुरक्षित पर्यावास का अभाव के कारण आज हाथी और मनुष्य के बीच टकराव का कारण बन रह है। वहीं उन्होंने हाथियों से बचने के लिए क्या करें उसके बारे में भी बताया। वही जिप उपाध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष किसून यादव ने कहा कि जंगल में जो नदी और तालाब होता था, वह अब सूखता जा रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर वनपाल दीपक यादव, आनंद सिंह, भूपेंद्र कुमार, सीसीआर मिंज, वीरेंद्र कुमार, समाजसेवी वासुदेव यादव, उप मुखिया रोहित यादव, पंसस जीतू यादव, विकास सिंह, अविनाश सिंह उर्फ विक्की, संजय साहू, चंद्र पासवान, गाजो मेहता, राजकुमार पासवान, शत्रु यादव, शिव कुमार सिंह, बालेश्वर यादव, जागेश्वर साहू, प्रेमचंद्र, किशोरी पासवान, विकास सिंह, लक्ष्मण सिंह, तुलसी यादव, राजकुमार रविदास, अमन यादव, महेंद्र यादव, आजाद अंसारी, विकास भारती, अशोक कुमार यादव एवं अर्जुन सिंह सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## ख़बर प्रकाशित के बाद हरकत में आई शिक्षा विभाग

### जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर जांच करने पहुंचे बी पी ओ

### प्रबंधन समिति ने जांच टीम को दिया लिखित आवेदन,स्कूल से सचिव को हटाकर स्कूल को बचाने का लगाया गुहार








**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय मधुवा के हेडमास्टर को महीनों गायब की मामला प्रकाश में आने के बाद शिक्षा विभाग एक्शन में दिखी और गुरुवार को जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर गठित एक टीम अखबार में छपे खबर की सत्यता की जांच करने पहुँची। टीम में बी पी ओ सूरज उरांव भी शामिल थे।जांच के बाद ग्रामीण एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने लिखित आवेदन देकर कहा कि स्कूल को सचिव को हटाकर बचा लिया जाए।चुकी सचिव लगातार स्कूल से गायब रहते हैं और जब कभी आते भी हैं तो बच्चो को नहीं पढ़ते हैं।वहीं ग्रामीणों एवं प्रबंधन समिति ने कई बिन्दुओ को लिखकर जिला शिक्षा पदाधिकारी से सचिव रामदेव साव को हटाने एवं कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों के अनुशार सचिव रामदेव् साव बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं।जांच टीम पहुंचने तक सचिव स्कूल से गायब ही थे।वहीं ग्रामीणों ने कहा है कि सचिव मध्याह्व भोजन करने के लिए जो थाली लाया गया है उसे भी सचिव अपने घर मव रखे हुए हैं।वहीं टीम के सामने प्रबंधन समिति के लोगो ने कहा कि अखबार में छपी खबर सत्य है।बताते चलें कि गुरुवार की अंक में छपे खबर जिसमे कहा गया था कि मधुवा स्कूल के हेडमास्टर लगातार स्कूल से रहते हैं गायब के बाद डी एस ई ने अज्ञान लिया और जांच के बाद कावाई कि बात भी कही।जिसके बाद गुरुवार को जांच टीम पहुंची तो अखबार में छपी खबर जांच टीम के द्वारा भी सत्य करार दिया।जांच रिपोर्ट के बाद स्कूल से गायब रहने वाले हेडमास्टर पर क्या कार्रवाई होती है।हालांकि ग्रामीण और समिति कब सदस्यों ने कहा कि चतरा के उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक पर पूर्ण विश्वास है ग्रामीणों एवं बच्चो को बेहतर शिक्षा के लिए जरूर कुछ कार्य होगा।

APEM LIVE

## रेलवे ट्रैक पर युवक का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मकईयाताड़ गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव बरामद किया गया ।समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी ।प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया हो।ज्ञात हो कि गुरुवार को कुछ लोगों ने मकईयाटांड गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस बल ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया ।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा पूरे मामले की छानबीन करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।वर्तमान में पुलिस मृत युवक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।बतादें कि जिस रेलवे ट्रैक पर युवक का शव बरामद हुआ है, उस ट्रैक का उपयोग सिर्फ मालगाड़ी से कोयला ढोने के लिए किया जाता है।

## पंचायत समिति सदस्यो की समिति गठन में हुई मनमानी : संतोषी कुमारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड प्रमुख कार्यालय में बुधवार को हुई पंचायत समिति सदस्यो की समिति गठित हुई। जिसमें धनवार पंचायत की पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी ने प्रेस बयान जारी कर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है कहा की यह समिति का निर्माण सर्वसम्मति से किया जाना था लेकिन प्रमुख द्वारा पहले से लिस्ट तैयार कर अपने करीबियों को समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है, मैंने पंचायत समिति सदस्यो के लिए बने एक वाट्सअप ग्रुप में कुछ लिखकर विरोध जाहिर की तो उसे प्रमुख द्वारा एडमिन का पावर दिखाते हुए मेरा संदेश को डिलीट कर दिया गया। प्रमुख मनोज रजक के इस कृत का मैं विरोध करती हूं एवं अग्रेतार कार्यवाही के लिए सज्य हूं। वहीं प्रमुख मनोज रजक ने बताया की बीते दिन जो पंचायत समिति सदस्यों की समिति गठित हुई थी वह सर्वसहमति से किया गया था। इस चुनाव में कोई मनमानी नही हुई है और मेरे ऊपर जो आरोप लगाया जा रहा है वह बेबुनियाद है। साथ ही साथ उन्होंने कहा मेरे विपक्षियों द्वारा मुझे बदनाम करने साजिश रचा जा रहा है।

## बेतला पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

बरवाडीह/लातेहार : उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को किया जाता है। उसी के आलोक में गुरूवार को बेतला पंचायत सचिवालय सभागार में पंचायत के मुखिया मंजू देवी की मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत सचिव सर्वेश कुमार सिंह, रोजगार सेवक ताहिर हुसैन,उप मुखिया बसंती देवी और बेतला पंचायत के वार्ड सदस्यों ने बैठक में उपस्थित हुए। जहां मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता व पंचायत जनप्रतिनिधि रहें उपस्थित साथ ही जनता दरबार में कई आवेदन प्राप्त हुए समस्या को निदान करने हेतु संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया मौके पर उमेश कुमार बैठा, अख्तर अंसारी, जमुना सिंह समेत काफी संख्या में कई लोग उपस्थित रहे ।

## शहादत दिवस पर रेनबो स्कूल में याद किए गए शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु दी गई श्रद्धांजलि

### युवाओं के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आज भी सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में शहादत दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को याद किए गए। विद्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभा. रंभ भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा, प्राचार्य पंचम कुमार पांडेय सहित सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। संबोधित करते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि साल 1931 में आज ही के दिन शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर के सेंट्रल जेल में फांसी दे दी गई थी। देश तीनों स्वतंत्रताओं की स्मृति में आज शहीद दिवस मना रहा है। बताया कि भगत सिंह की शहादत के बाद से ही देश में स्वाधीनता संग्राम के लिए आंदोलन तेज हो गए थे। भारत माता के लिए उन्होंने अपने जान की कुर्बानी दी थी। युवाओं के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आज भी सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत हैं। वही प्राचार्य पंचम कुमार पांडेय ने कहा कि जनता के बीच तीनों बेहद लोकप्रिय हैं। देश के लिए इन्होंने अपनी बलिदान दे दिया। इनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। भगत सिंह के अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर शिक्षको में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, स्वेता कुमारी, रंजीत कुमार, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, फैजिया खातून आदि उपस्थित रहें।

## रांची मे मरीज से मिलने पहूंचे विधायक अमित यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीड़ी निवासी शिवराम महतो पिछले कुछ दिनों से रांची स्थित राज अस्पताल में भर्ती है और इनका ईलाज चल रहा हैं साथ ही घंघरी निवासी संजय राणा की मां चन्दवा देवी से इनकी ईलाज का मुआयना करने एंव ईलाजरत महतो एंव चन्दवा देवी से मिलने अस्पताल पहूंचे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव दोनों मरीजों का हालचाल लिये साथ ही परिवारों से मिलकर संतवाना देते हुऐ जल्द स्वस्थ होने की बात कहे साथ ही अस्पताल प्रबंधक एंव डायरेक्टर से बात करके उचित ईलाज करने एंव अन्य समस्याओ का समाधान करने की बात कहें मौके पर अनुप कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, ईश्वर मंडल, टिन्कु प्रसाद, संजय राणा व परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे ।






दिनांक: 23-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अभाविप ने शहीद दिवस पर भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को किया याद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : शहीद दिवस के मौके पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के भगत सिंह चौक पर भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद किया गया । शहादत दिवस पर अभाविप से जुड़े सदस्यों के साथ-साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर भी शिरकत की जहां सभी ने भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया ।इस अवसर पर जीप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत देश की आजादी में एक अहम कड़ी होने के साथ-साथ युवा पीढ़ी के हक अधिकार के लिए लड़ने के एक प्रेरणा के रूप में आज भी हैं जहां हक अधिकार की कोई भी लड़ाई लड़ने से पूर्व हम सभी भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद करते हैं । शहीद दिवस कार्यक्रम के दौरान मौजूद कई लोगों के द्वारा भगत सिंह और उनके साथियों के शहादत के प्रति अपने विचारों को पेश किया गया। मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल कुमार सिंह नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद नगर मंत्री सागर कुमार वर्मा भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह विद्यार्थी परिषद के पूर्व पदा. धिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में सनातनी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से मनाया हिंदी नववर्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के जमुनिया नदी तट पर स्थित भास्कर धाम में बुधवार को सनातनी महिलाओं ने विक्रम संवत हिंदी नववर्ष को पारंपरिक तरीके से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य देकर की गई। इस मौके पर म. हलाओं ने संपूर्ण विश्व की शांति, सौहार्द, एवं खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने कहा कि हिंदी नववर्ष की शुरुआत चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होती है। आज से हिंदी नववर्ष विक्रम संवत 2080 की शुरुआत हो रही है। आजकल की युवा पीढ़ी इस हिंदी नववर्ष को भूलते जा रही है। इसी उद्देश्य को लेकर लोगों में हिंदी नववर्ष की अवधारणा पुनर्जागृत करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। इस मौके पर महिलाओं ने एक-दूसरे को हिंदी नववर्ष की बधाई दी। हिंदी नववर्ष विक्रम संवत 2080 के मौके पर सभी लोगों को प्रत्येक घर में घी के पांच दीपक जलाने की अपील की गई। इस मौके पर कई सनातनी महिलाएं मौजूद थी।

## 17 स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को मिला कौशल विकास का प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : नगर पंचायत लातेहार तथा सूर्या एडूकेशन वेलफेयर सोसाइटी राँची के संयुक्त तत्वावधान में शहरी क्षेत्र के 17 महिला स्वय सहायता समुह के महिला सदस्यों को 6 दिवसीय गैर आवासीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान जिन समूहों ने शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार के लिए ऋण लिया है उस स्वरोजगार योजना के तहत उद्यमिता समूह के सक्रिय सदस्य को विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, कार्यपालक पदाधिकारी लातेहार श्रेयांस कुमार , सीटी मैनेजर लातेहार, सीटी मिसन मैनेजर ,वार्ड पार्सद, सहित अन्य मौजूद रहे।वहीँ धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने किया।

## सलैया में कलश यात्रा निकाली गयी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में श्री श्री वैष्णवी चौती दुर्गा पूजा समिति द्वारा चौती दुर्गा पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, कलशयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए. इस दौरान सभी जय मां अम्बे, जय शेरावाली माता, जय मां दुर्गा के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे. कलश यात्रा में 751 कलशयात्री उत्तरवाहिनी बरसोती नदी तितकाही घाट से जल लेकर मंदिर प्रांगण तक कलशयात्री पहुंचे। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बरकट्ठा मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, उप-प्रमुख सुरजी देवी, पूजा समिति के अध्यक्ष सूरजदेव मंडल उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूजा समिति उपाध्यक्ष सहदेव प्रसाद, मनोहर चौधरी, अर्जुन प्रसाद, मणिलाल चौधरी, शिक्षक यमुना साव, मधुसूदन प्रसाद, दिनेश महतो , रामचंद्र चौधरी, उमेंश कुमार, लक्ष्मण चौधरी, रामसेवक प्रसाद, सीताराम प्रसाद, मुनिलाल यादव, सरयू रविदास, नारायण प्रसाद, अरुण मंडल, संरक्षक रामसेवक प्रसाद, सरयू राणा, जिबलाल पंडित, मनोज प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, भीम प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, उदेश्वर प्रसाद, मिठू प्रसाद, लखन प्रसाद, विकाश कुमार, काशिलाल मंडल, अनिमेष गौतम, सरयू महतो, हीरालाल प्रसाद, हिरामन प्रसाद, सुखलाल महतो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पांचवा वार्षिक महाउत्सव

### विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलते रहना चाहिए : पूर्व विधायक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : ज्ञानोदय विकास स्कूल ने पांचवां वार्षिक महाउत्सव मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रियासत हसन एवं संचालन शिक्षक कुलदीप कुमार राणा ने किया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ महतो ने क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर व दीप प्रज्वलित कर कर किया गया। स्कूल के प्राचार्य रियासत हसन ने स्कूल से संबधित कार्यप्रणाली का वार्षिक रिपोर्ट के संबंध में जानक. ारी दिया।विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंडी लोकगीत, गुजराती नाच जैसे नृत्य छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मन मोह लिया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा की विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलते रहने से इन्हें आगे बढ़ने की ललक बढ़ती है।और अपनी अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का मौका मिलता है।वहीं विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार ने विद्यार्थी अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण करने की बात कही गई।इनके द्वारा ही धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।कार्यक्रम में विकास सेवा समिति सचिव बुद्धिनाथ महतो, ज्ञानोदय विकास स्कूल सचिव सिकंदर सोनी, प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार, चिकित्सा प्रभारी बीएन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, हरली पंचायत के मुखिया कविता कुमारी,डाड़ीकला के पूर्व मुखिया गुलाब देवी , प्रमोद कुमार, शिक्षकों में उप प्राचार्य अरुण कुमार भारती, कुलदीप कुमार, तोहिद आलम, सौरभ कुमार रंजन, ईश्वर दयाल महतो, लाल देव महतो, संजय कुमार दांगी ,असला नाहिद, नीतू कुमारी, नि. कता गुप्ता, प्रतिक्षा कुमारी, निशा कुमारी ,साबिया प्रवीण, इंदु कुमारी ,सुजाता शर्मा, रूपा कुमारी, मीना कुमारी, अंशु कुमारी, अविनाश कुमार मिश्रा ,आशीष सोनी, विकास सेवा समिति के सदस्यों में ज्ञानी कुमार ,अशोक महतो, गणेश कुमार के अलावा अभिभावक वह विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सिन्दवारी नगड़ी में श्री श्री 1008 पंचमुखी हनुमंतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत सिन्दवारी नगड़ी में श्री श्री 1008 पंचमुखी हनुमंतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। भव्य कलश यात्रा में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 1001 महिला पुरुष ने भाग लिया। सोनबरसा नदी से जल का उठाव कर लगभग 5 किलोमीटर नंगे पांव दूरी पैदल यात्रा दूरी तय कर यज्ञ मंडप पहुंचे।यज्ञ में कुल 16 यज्ञ पुजारियों ने मुंडन कराकर अपने पत्नी के संग कलश लेकर यज्ञ मंडप में पूजन के लिए बै. ठे।जिसमें मुख्य रुप से भीखु साव , राजेश साहू ,हीरालाल महतो, विशेश्वर साव , नागेश्वर साव , राजेंद्र प्रसाद, महावीर साहू ,महेंद्र साहू, राजेंद्र राम, सुरेश साव , रीतलाल प्रजापति, बसंत साहू, विशेश्वर राम ,वासुदेव साव, महेश साव, जागो साव शामिल है। पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह ने कहा कि यज्ञ करने से गांव में सुख व समृद्धि आती है, पर्यावरण शुद्ध होता है महायज्ञ में लोग आध्यात्मिक से जुड़ते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के यज्ञाचार्य उमेश पाठक है जबकि प्रवक्ता शत्रुघ्नआचार्य महाराज एवं बाल विदुषी अंजना गोस्वामी होंगे। 23 मार्च से लेकर 27 मार्च तक संध्या में प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 28 मार्च मंगलवार रात्रि को महाजागरण एवं महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में शामिल लोगों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू ,यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव रामस्वरूप कुमार ,पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पदुम साव, मोहम्मद जुल्फिकार , मोहम्मद अनवर, बलदेव महतो, सूरज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष महेन्द्र साव, उप कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार कुशवाहा, उप सचिव उमेश कुमार कुशवाहा वहीं सक्रिय सदस्य गोविंद महतो, सुदेश्वर वर्मा, महादेव साव, टेकन साव, भीखन साव, राजेश साव, देवनंदन राणा, कुमार दिवाकर, निर्मल साव, किशुन प्रजापति, घनश्याम महतो, शायमकिशोर महतो, विशेश्वर साव, नंदकिशोर साव, कमलेश मंडल, खेमलाल साव, महेश कुशवाहा, महावीर साव, शंभू नाथ मिश्रा, दिलीप राम, प्रमोद कुमार वर्मा प्रमोद कुमार दास, एवं अन्य शामिल थे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में कोयला खनन से पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का किया गया आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो की अध्यक्षता में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में एक दिवसीय सेमिनार ष्कोयला खनन से पर्यावरण पर प्रभाव षविषय पर आयोजन किया गया । कोल खनन से पर्यावरण प्रभावित होती है षजिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में वक्ता जीएम कॉलेज भुरकुंडा के डॉ संतोष कुमार दांगी विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग ने कोयला खनन से आम जीवन कैसे प्रभावित हो रहा है इस पर प्रकाश डाला । इस सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में मारखम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रंजीत कुमार दास ने अपने वक्तव्य में बड़कागांव क्षेत्र में कोयला उत्खनन से होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं पर चर्चा किया । इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि प्रो निरंजन कुमार नीरज परीक्षा नियंत्रक मोहम्मद फजरुद्दीन प्रो सुरेश महतो प्रो नरेश कुमार दांगी प्रो अनु कुमारी प्रो ऋतुराज दास प्रो ललिता कुमारी प्रो लालदेव महतो प्रो चंद्रशेखर राणा के साथ-साथ कई छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे ।

## बसरिया में पूर्व विधायक ने किया निःशुल्क सिलाई सेंटर का उदघाटन

### प्रशिक्षण लेकर महिलायें बनेगी आत्मनिर्भर : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बसरिया में संचालित ग्राम उदय सेवा संस्थान द्वारा चित्रांश पब्लिक स्कूल परिसर में निःशुल्क सिलाई सेंटर का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उदघाटन किया। सिलाई सेंटर में उपस्थित महिलओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सिलाई सेंटर खुलने से महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आत्मनिर्भर बनेगी। रोजगार से जुड़कर महिलायें जीवकोपार्जन का एक माध्यम बनाएंगी। संस्थान के सचिव संजय सिन्हा के दुर्गामी सोच का परिणाम है कि बसरिया व आसपास इलाके के महिलाएं निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण ले पाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक ने संस्थान को अपने तरह से दो सिलाई मशीन देने का घोषणा किया। इससे पहले संस्थान सचिव व स्कूली बच्चों ने बुके देकर अतिथियो का स्वागत किया। संस्था सचिव ने पूर्व विधायक द्वारा मिले सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गरीब से गरीब महिलाएँ व बच्चियां सिलाई सीखे। कहा कोई महिला सिलाई सीखने के लिए अपना पंजीयन करवा सकती है। इस दौरान चित्रांश विद्यालय के स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोह लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया मंजू देवी, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शिव पासवान, संस्था अध्यक्ष गोपाल कांत, कोषाध्यक्ष लखन भुइयाँ, समाजसेवी चंदन राणा, पंकज सोनी, कृष्णा कसेरा, कपिल यादव शिक्षक सुजीत यादव पुतल देवी पिंकी कुमारी प्रियंका कुमारी सहित अन्य।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## इंडियन एंथम स्कूल का मनाया गया पांचवा स्थापना दिवस, जिला जीप उपाध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर में संचालित इंडियन एंथम स्कूल का गुरुवार को 5वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय यादव सेना के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा यादव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रखंड निजी विद्यालय संघ के दर्जनों स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधाकर यादव ने किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र यादव, सीताराम यादव, कृष्ण मोहन यादव, हरिशंकर शर्मा, सुनील सोनी, राजेश कुमार, राधे रमन मिश्रा, घनश्याम प्रजापति, अनुप्रिया कुशवाहा, देवनंदन साव, बिंदु मिश्रा, रिचा गुप्ता, दीपा कुमारी, पूजा कुमारी, निजी विद्यालय संघ के उपाध्यक्ष सुनील दत्ता, सचिव नितेश कुमार, गुलाब दास, दिनेश कुमार, सूरज दास, विजय यादव, रोहित सिंह, शिव कुमार, रंजीत कुमार, बरसोत उपमुखिया रीता देवी, बबिता देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी, वार्ड सदस्य, बाली देवी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## बरकट्ठा घर में लगी आग, घर में रखा 3 से 4 लाख की सम्पति स्वाहा

**अपेम लाइव : बरकटठ्ा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा (हजारीबाग) : थाना क्षेत्र के बरकट्ठा डाकडीह निवासी हिरामन महतो, संजय यादव, प्रयाग यादव, जट्टू साव के मिट्टी के घर में 23 मार्च दोपहर ढाई बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद मौके पर थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। आगजनी की इस घटना में घर में रखे कपडे, नगदी,अनाज, बैंक पासबुक, राशनकार्ड, बक्सा समेत कई सामान जलकर राख हो गया। लगभग तीन से चार लाख का नुकसान पीड़ित परिवारों को हुआ मामले की सूचना के बात विधायक अमित कुमार यादव ने तत्काल फायर बिग्रेड को खबर कर मंगवाए वही स्थानीय लोगों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने की वजह से पीड़ित परिवारों को लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अब तक पता नही चल पाया है। वही विधायक ने पीडित परिवारों को हरसंभव मदद करने व बरकट्ठा अंचलाधिकारी को पीड़ित परिवारों को सरकारी दिशा निर्देश पर उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया है ।

## रामनवमी पूजा को लेकर समिति का गठन, अध्यक्ष बने ईश्वर यादव

**अपेम लाइव : बरकटठ्ा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक आयोजित कि गई। अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुंशी पासवान और संचालन मुकेश यादव ने किया। मौके पर सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार ईश्वर यादव को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष महावीर यादव, सचिव मुंशी पासवान और कोषाध्यक्ष मुकेश यादव को बनाया गया। साथ ही जीवन यादव, राजेंद्र यादव, केदार प्रजापति,मनी यादव, श्यामलाल सिंह,पवन पासवान,राजू यादव, मुकेश सोनी,संजीत कुमार, आशीष कुमार , पिंटू कुमार सोनी,कमल राणा, राजेंद्र प्रजापति , रामसहाय पासवान, नरेश रविदास को समिति का सदस्य बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष ईश्वर यादव ने कहा कि सरकारी निर्देशानुसार ही रामनवमी त्योहार मनायें साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील लोगों से की। बैठक में धारी महतो,लखन यादव,धुपलाल यादव,बालदेव दास, त्रिलोकी साव,टेकन प्रजापति, संतोष कुमार पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डपोक : अंधेरे में डूबा पांडेय टोला बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र की पढ़ाई हो रही बाधित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डपोक पंचायत का पांडे टोला में बिजली पिछले सात दिनों से बाधित है। वही पांडेय टोला के ग्रामीण लोगों ने बरही बिजली विभाग से नया ट्रांसफार्मर लगाने का मांग किया है। साथ ही उन्होंने बताया की अभी बोर्ड की परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जिससे विद्यार्थियों की भविष्य अंधकार में दिख रहा हैं। ज्ञात हो कि बिजली का ज्यादा लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर बार बार खराब होते रहता हैं।

## रामनवमी और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : रामनवमी और सरहुल पर्व को लेकर बरवाडीह थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखंड के सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ-साथ पश्चिमी क्षेत्र की जीप संतोषी शेखर थाना प्रभारी श्री निवास सिंह सब इंस्पेक्टर राहुल मेहता बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद विवेक सिंह भी शामिल हुई । शांति समिति की बैठक के दौरान रामनवमी के जुलूस और उसके मार्ग को लेकर चर्चा की गई जहां इस दौरान पूर्व की तरह इस बार भी किसी भी तरह का मार्ग को लेकर कोई विवाद नहीं होने की बात सामने आई । बैठक में मुख्य रूप से यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व की तरह इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के झंडा मिलन नवमी के दिन 30 मार्च को होगा जबकि बेतला पोखरी कला केचकी पंचायत में रामनवमी का जुलूस 21 मार्च दसवीं के दिन होगा । वही बैठक के दौरान रामनवमी के जुलूस में भी किसी भी तरह के विवादित गीत ना बनाने को लेकर सभी अखाड़ा समिति और डीजे संचालकों को दिशानिर्देश देने का काम किया गया साथी प्रखंड प्रशासन के माध्यम से बांड भरने की भी बात कही गई । बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी धर्म को ठेस पहुंचाने वाला कोई भी गाना या भाषण ना हो यह सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है और अगर ऐसा हुआ तो फिर दोषी लोगों पर निश्चित रूप पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । उधर प्रखंड विकास पदा. धिकारी ने कहा कि पूर्व की तरह रामनवमी का त्यौहार बनाया जाए इसमें सभी के सहयोग की जरूरत है क्योंकि प्रखंड हमारा पूर्व से ही आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल है जिसे बनाए रखने में सभी को सहयोग करना होगा। बैठक में मौके पर मुखिया बुद्धेश्वर सिंह मुखिया जितेंद्र सिंह रामनवमी मिलन समारोह के अध्यक्ष दीपलेश सिंह सोनू, अवधेश मेहरा ,राजदीप रिककी मंसूर आलम , सलाम अंसारी , सूरज चौरसिया पारस जयसवाल , आदित्य यादव सतेंद्र प्रसाद जगनारायण माली उमेश प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे । वहीं दूसरी ओर छिपादोहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहां बैठक में रामनवमी के पर्व के साथ-साथ सरहुल को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सब इंस्पेक्टर रंजीत राम सब इंस्पेक्टर काशी माहली मुखिया बेरोनिका कुजूर पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह मुखिया शत्रुघन सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## झारखंड प्रजापति(कुम्हार) महासंघ अनुमंडल स्तरीय मिलन सह सम्मान समारोह कल, तैयारी जोरों पर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की अनुमंडल स्तरीय मिलन सह सम्मान समारोह कल होना सुनिश्चित हुआ है। जिसका आयोजन बरही गया रोड में स्थित ओवर ब्रिज के नजदीक किया जाना है। इस बात की जानकारी बरही कुम्हार महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष कमलशनकर पंडित ने दी है उन्होंने कहा की यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा इसमें लगभग दस हजार स्वजाति बंधुओं का उपस्थिति का संभावना है। इस समारोह के मुख्य अतिथि बेरमो विधान सभा क्षेत्र के पूर्व बीजेपी विधायक बाटुल महतो, रांची हाई कोर्ट के अधिवक्ता श्याम बिहारी प्रजापति एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव सहित कई अन्य शामिल होंगे।

## गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में शहादत दिवस पर याद किए गए शहीद भगत सिंह

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


शहीद भगत सिंह की शहादत पर चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते अतिथि

शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर गुरुवार को गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। इनसे हम सबों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि एएसआई निर्भय कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, महेन्द्र महतो, महादेव मांझी, निदेशक प्रभात कुमार, प्राचार्य सुभाष कुमार समेत अन्य अतिथियों एवं अभिभावकों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षाफल में 97 फीसदी अंक लाकर सुषमा बेसरा विद्यालय टoपर रही। वहीं, अन्य विद्यार्थियों में शालिनी सुमन 95, प्रियंका कुमारी 90, काजल कुमारी 93, रानी कुमारी 86, श्रुति सुमन 92, मुन्नालाल पटेल 89, करिश्मा कुमारी 90.6, हिमांशु कुमार 90, विकास कुमार 94.2, प्रेम कुमार 94, शिवम कुमार 94.2, सुधांशु कुमार 92, रीना कुमारी 92, अभय कुमार 86, भारती कुमारी 93 फीसदी अंक लाकर अपनी कक्षा में अव्वल रहे। इसके अलावा शत प्रतिशत उपस्थिति में कक्षा आठ की काजल कुमारी को एएसआई निर्भय कुमार सिंह ने सम्मानित किया। मौके पर कुमारी नमिता, पूनम देवी, कौशल्या देवी, हरिदास प्रसाद, विनोद मंडल, चेतलाल महतो, कृष्णा कुमार के अलावा शिक्षकों में राजेश रंजन, बासुदेव महतो, राजकुमार, रंजीत रंजन, पंकज कुमार, रंजीत मिश्रा, रेखा कुमारी, मिनाक्षी देवी, ज्योति देवी, पुष्पा हेम्ब्रम समेत कई गणमान्य मौजूद थे।







